तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 13.8 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 मार्च, 2025



14 अनाज मंडी का निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर को शौचालय ..



15 हाईवे पर वाहन खड़ा करने पर होगा चालान के ..






## खबर संक्षेप

### मदवि में डॉ. मीनाक्षी विभागाध्यक्ष मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने पर्यावरण विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी को पर्यावरण विज्ञान विभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर विभागाध्यक्षा पर्यावरण विज्ञान विभाग प्रो. मीनाक्षी की नियुक्ति 1 अप्रैल 2025 से तीन वर्ष हेतु की गई है।

### मदविः कई परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार के तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर ताा़ि प्रथम व छठे सेमेस्टर की री-अपीयर, बीटीटीएम के तीसरे, पांचवें व सातवें सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा प्रथम व आठवें सेमेस्टर की री-अपीयर, एमएससी स्टैटिस्टिक्स सीबीसीएस स्कीम के तीसरे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर तथा पहले सेमेस्टर की री-अपीयर, एलएलएम के प्रथम तीसरे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर, एमएससी मैथ विद कंप्यूटर साइंस सीबीसीएस स्कीम के तीसरे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी पंचवर्षीय की प्रथम, पांचवें व नौवें सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

### मदविः 31 को प्रतिबंधित अवकाश रहेगा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 31 मार्च को प्रतिबंधित अवकाश (रिस्ट्रिक्टेड हॉलिडे) रहेगा। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 31 मार्च को ईद-उल-फितर पर राजपत्रित अवकाश (गजेटेड हॉलीडे) की बजाय प्रतिबंधित अवकाश (रिस्ट्रिक्टेड हॉलिडे) रहेगा।

### डॉ. रीटा ने एसएमओ का कार्यभार संभाल

**सांपला।** सांपला अस्पताल का डॉक्टर रीटा गोयल ने एसएमओ का कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने संभालने के बाद ही शुक्रवार को अस्पताल के डाक्टरों की बैठक ली। इसके बाद अस्पताल का निरीक्षण किया और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जहां पर भी खामी मिली उसको तुरंत ही ठीक करने के आदेश दिए। एसएमओ ने भवन में स्थित इमरजेंसी से निरीक्षण शुरू किया और इसके बाद भवन के प्रत्येक वार्ड में जाकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि अस्पताल की व्यवस्थाएं सही है और साफ सफाई भी अच्छी है। जहां पर थोड़ी बहुत कमी है तो उसको तुरंत ही दुरुस्त करवाया जाएगा।

### कॉलेज में मिला कोबरा सांप छात्रों में भगदड़

**सांपला।** शुक्रवार को सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में एक कोबरा सांप मिलने से डर के मारे विद्यार्थियों में हड़कंप मच गया। छात्राओं ने शौचालय में एक बड़े सर्प को घुसते हुए देखा। छात्राओं ने शोर मचाना शुरू कर दिया। कॉलेज की तरफ से तुरंत रैस्कू टीम के दीपक कुमार को सूचना दी गई। दीपक कुमार अपने साथी को लेकर मौके पर पहुंचा। तभी छात्राओं ने बताया एक बड़ा सांप शौचालय में घुसा हुआ है। तभी दीपक ने सर्प को पकड़ कर एक डिब्बे में बंद किया और खुले स्थान पर छोड़ दिया गया। तब जाकर स्टॉप हुए छात्राओं ने राहत की सांस ली।

### जिला खजाना कार्यालय 30 को खुलेगीः उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने 30 मार्च को खजाना कार्यालय व बैंकों को खोलने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 31 मार्च को बंद होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि असुविधा से बचने के लिए सार्वजनिक हित में 30 मार्च को सरकारी खजाने के साथ-साथ सरकारी लेनदेन करने वाले बैंकों को खोलने के निर्देश दिए है। इसलिए पीएफआर खंड 1 भाग 1 नोट 5 के नियम 3.40 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 30 मार्च को अपने कार्यालय/बैंक खोलना सुनिश्चित करें।

# अफीम खेती विवाद के बीच सुपवा में ज्यूरी परीक्षा आयोजित

## फिल्मों की स्क्रीनिंग जानकारी साझा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (सुपवा ) कैंपस में अफीम की खेती का मामला उजागर के बाद से स्टेट यूनिवर्सिटी दो दिन से सवालों के घेरे में है। इस बीच, फिल्म एंड टेलीविजन संकाय में इस समय तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए ज्यूरी परीक्षा आयोजित की जा रही है, जो सेमेस्टर की मूल्यांकन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण अकादमिक पड़ाव है। निर्देशन, ऑडियोग्राफी, एडिटिंग, सिनेमैटोग्राफी और अभिनय विभागों के कुल 52 छात्र इस उच्चस्तरीय अकादमिक मूल्यांकन में भाग ले रहे हैं। ये जानकारी यूनिवर्सिटी द्वारा प्रस विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

**खास बातें**

- निर्देशन, ऑडियोग्राफी, एडिटिंग, सिनेमैटोग्राफी और अभिनय विभागों के कुल 52 छात्र इस उच्चस्तरीय अकादमिक मूल्यांकन में भाग ले रहे



### क्या है अफीम खेती विवाद

सुपवा में अफीम की खेती होने की सूचना पर बागवानी विभाग व डीएसपी मौके पर पहुंचे और पौधों की जांच की। जांच के दौरान अफीम के पौधे गिने गए, जो करीब 140 बताए गए।

### वास्तविकताओं से रूबरू कराया

विज्ञप्ति में बताया गया है कि अप्रैल, 2025 तक चलने वाली यह ज्यूरी परीक्षा न केवल मूल्यांकन का अवसर है, बल्कि छात्रों को वास्तविक उद्योग अनुभव और आलोचनात्मक शिक्षण का भी मंच प्रदान करती है। ज्यूरी प्रक्रिया के अंतर्गत अभी तक तृतीय सेमेस्टर के 21 छात्रों ने अपने डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रोजेक्ट प्रतिष्ठित फिल्म उद्योग से आए अनुभवी ज्यूरी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किए। इन सदस्यों में मनीष दास (निर्देशन), सुभीर दास (ऑडियोग्राफी), सुमित घोष (एडिटिंग), मल्य राय (सिनेमैटोग्राफी), विक्रम मोहन (अभिनय) शामिल थे। इन अनुभवी विशेषज्ञों ने छात्र फिल्मों के हर पहलू की गंभीर समीक्षा की और रचनात्मक प्रतिक्रिया देते हुए छात्रों को व्यावसायिक फिल्म निर्माण की कठोर वास्तविकताओं से रूबरू कराया।

### ज्यूरी परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की समझ और कौशल की गहराई को परखना

विश्वविद्यालय की अधिकारिक मेल में फिल्मों की स्क्रीनिंग के बारे में कहा गया है कि ज्यूरी परीक्षा की प्रक्रिया पर टिप्पणी करते हुए शैक्षणिक समन्वयक देबाशीष बनर्जी ने कहा कि "ज्यूरी परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की समझ और कौशल की गहराई को परखना है। फिल्मों के हर पहलू का बारीकी से विश्लेषण किया जाता है, और ज्यूरी सदस्य एवं शिक्षक छात्रों से गहन प्रश्न पूछते हैं, ताकि उन्हें मुख्यधारा की फिल्म-निर्माण की शैली और बारीकियों का अनुभव हो सके। छात्रों ने इन फिल्मों में बेहतरीन काम किया है।" आज से स्टूडियो फिल्म ज्यूरी का चरण प्रारंभ हुआ, जिसमें चतुर्थ सेमेस्टर के 31 छात्रों द्वारा बनाई गई आठ शॉर्ट फिक्शन फिल्मों का प्रदर्शन और मूल्यांकन किया जा रहा है। ये कथात्मक परियोजनाएं छात्रों द्वारा अपने पाठ्यक्रम के दौरान अर्जित रचनात्मक और तकनीकी परिपक्वता को दर्शाने वाली हैं।

### सरकार नियंत्रण में होती है खेती

अफीम की खेती देश में पूरी तरह सरकार के नियंत्रण में होती है। इसलिए लाइसेंस जारी किया जाता है। खेत की इंच-इंच जमीन की नपाई होती है। सरकार जो मात्रा तय करती है, उतनी उसे हर हाल में देनी होती है। फसल बर्बाद होने पर वो मात्रा पूरी करनी होती इसलिए अलावा नारकोटिक औषधि और मनः प्रभावी द्रव्य पदार्थ अधिनियम, 1985 के तहत तमाम प्रावधानों का भी पालन करना होता है। दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (सुपवा) कैंपस में अफीम पौधा मिलना कोई छोटी घटना नहीं है। जब से मामला उजागर हुआ है तब से यूनिवर्सिटी प्रशासन को जवाब देते नहीं बन रहा है। सबसे बड़ा सवाल ये है कि कैंपस में बाहरी व्यक्ति की एंट्री प्रतिबंधित है। ऐसे में इसमें सवाल है कि यूनिवर्सिटी कैंपस में अफीम की खेती कैसे हो गई? और ये पौधे अब इस स्थिति में हैं कि उनके रस से अफीम बन सकती है।

## अनाज मंडी में फसल खरीद-फरोख्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने फरीदाबाद मंडल आयुक्त संजय जून पहुंचे

# कमिश्नर को शौचालय में मिली दुर्गंध अधिकारियों के दिए कड़े निर्देश

**अब जिम्मेदार अधिकारी को मिलेगा दंड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अनाज मंडी में फसलों की खरीद-फरोख्त से पहले सभी प्रकार की व्यवस्थाएं संबंधित अधिकारी द्वारा चुस्त-दुरूस्त करने का दावा किया जाता है। लेकिन जमीन हकीकत की पोल पट्टी तब उघड़ती है तो कोई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्थाओं की चैकिंग के लिए पहुंचता है। शुक्रवार को फरीदाबाद मंडल के आयुक्त एवं फसल खरीद को लेकर नियुक्त किए गए रोहतक के नोडल अधिकारी संजय जून अनाज मंडी पहुंचे। इन्हें शौचालय सही नहीं मिला। कमिश्नर ने तुरंत आदेश दिए कि जिस अधिकारी की जिम्मेदारी शौचालय सही करने की थी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।





**रोहतक।** अनाज मंडी में फसल खरीद–फरोख्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते फरीदाबाद मंडल के आयुक्त संजय जून व उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा।

### कोताही सहन नहीं होगी

इस मौके पर नोडल अधिकारी संजय जून ने कहा है कि मंडियों में व्यवस्थाओं को लेकर कोताही को कतई सहन नहीं किया जाएगा। जून के साथ उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा भी साथ थे। जून ने मौके पर मंडी में अपनी फसल लेकर आए किसानों से बातचीत की और सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी ली। इसके साथ-साथ उन्होंने मंडी में मौजूद आढ़तियों से खरीद को लेकर बातचीत की और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान अपनी जौ की फसल लेकर आए किसान से न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर पूछताछ करते हुए अधिकारियों को निर्देश जारी किए कि संबंधित किसान को जो भुगतान किया गया है वह एमएसपी से कम है। इसलिए इस अंतर को पूरा करते हुए किसान को बकाया राशि का भुगतान किया जाए।

### फसल सुखाकर लाएं

निरीक्षण के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए संजय जून ने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल साफ सुथरी व सुखाकर मंडियों में लेकर आए। इसके साथ ही उन्होंने आढ़तियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि वे भी फसल खरीद से संबंधित सभी जिम्मेदारियां का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि फसल खरीद के लिए मंडिया पूरी तरह से तैयार है। मंडी में पर्याप्त मात्रा में बारदाना है। स्टोरेज की भी संतोषजनक व्यवस्था है। किसानों के लिए अटल कैंटीन की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। फसल उठान के लिए लेबर व ट्रांसपोटेशन के टेंडर जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मंडियों में व्यवस्था कायम रखने के लिए एचसीएस अधिकारियों की तैनाती की गई है।

### अधिकारियों की बैठक ली

आयुक्त एवं नोडल अधिकारी संजय जून ने इससे पहले लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया। फसल खरीद को लेकर अधिकारियों से फीडबैक ली गई और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि खरीद एजेंसियों के पास अनाज भरने के लिए पर्याप्त मात्रा में बैग उपलब्ध हैं। गेट पास व ऑपरेटर के संदर्भ में भी दिशा निर्देश जारी किए गए। जिंसों की खरीद को लेकर आयोजित मीटिंग में उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बैठक में नोडल अधिकारी संजय जून को जानकारी दी कि जिला की मंडियों में फसल खरीद को लेकर पहले ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। ट्रांसपोटेशन को लेकर वेरीफिकेशन अवश्य की जाए।

### 1904.10 मीट्रिक टन सरसों की हुई खरीद

डीसी धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि जिला की मंडियों में 1904.10 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। सरसों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। कलानौर, महम, रोहतक व सांपला अनाज मंडियों में 1904.10 मीटिक टन सरसों की खरीद की गई है। कलानौर मंडी में हैफेड द्वारा 663.55 मीट्रिक टन, महम मंडी में हरियाणा स्टेट वेयरहाऊस कोरपोरेशन द्वारा 292.20 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में हैफेड द्वारा 120.80 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में हैफेड द्वारा 827.55 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है।

### वैश्य महिला महाविद्यालय में सुनीता विलियम्स पर डॉक्यूमेंट्री का किया आयोजन

**रोहतक।** वैश्य महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा सुनीता विलियम्स की प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री का आयोजन किया गया। इस डॉक्यूमेंट्री में सुनीता विलियम्स की जीवन यात्रा और उनकी उपलब्धियों को दर्शाया गया है। महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए, प्राचार्या ने कहा सुनीता विलियम्स की कहानी हमें यह सिखाती है कि कड़ी मेहनत, संघर्ष और दृढ़ संकल्प से हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय की ओर से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए महिला प्रकोष्ठ संयोजिका कविता जैन, डॉ. मुस्कान जिंदल व अन्य स्टाफ सदस्य व छात्राएं उपस्थित रही।

### सेक्टर-1 के पास कार छीनने के मामले में आरोपी को कार सहित किया गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने सेक्टर-1 के पास कार छीनने के मामले में आरोपी को कार सहित काबू किया गया है। सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई करते हुए ईआरवी 599 पर तैनात स्टाफ द्वारा आरोपी का पीछा करते हुए कुछ ही समय में आरोपी को कार सहित काबू किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेजा गया है। एसपी नरेन्द्र बिजारणिया ने ईआरवी स्टाफ के कार्य की सराहना की है तथा अन्य जवानों द्वारा भी उनका अनुसरण करने बारे कहा गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही टीम को सम्मानित किया जाएगा। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि 27 मार्च को सेक्टर-1 निवासी धर्मबीर ताऊ देवीलाल पार्क के पास अपनी कार में सवार होकर जानवरों को रोटी डालने के लिए आया था। धर्मबीर अपनी कार की खिड़की खोलकर बैठने लगा तो तभी पास खड़े अज्ञात युवक ने धर्मबीर को कार से बाहर खीचा और धर्मबीर को धक्का देकर कार में सवार होकर दिल्ली रोड की तरफ फरार हो गया। धर्मबीर की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू की गई।

### एलजीबीटीक्यूएआई प्लस के अधिकार व सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई




**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला सत्र एवं न्यायधीश नीरजा कुलवंत कलसन एवं सीजेएम कम सचिव तरनुम खान के मार्गदर्शन में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सुपवा में किया गया। जिसमें एलजीबीटीक्यूएआई प्लस के अधिकार व उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई। पेनल के अधिवक्ता आशुतोष कौशिक ने बताया कि एलजीबीटीक्यूएआई प्लस के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिये कानून को अधिकारी तौर पर पूरे देश में लागू कर दिया गया था। जिसके बाद एलजीबीटीक्यूएआई प्लस को भी एक समान्य नागरिक वाले सभी अधिकार दिए गये हैं। इस अवसर पर आशीष भारद्वाज, वजीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस के खिलाफ किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को जिले के किसानों ने पंजाब की सीमाओं पर किसानों के शांतिपूर्ण आंदोलन का दमन करने के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिला उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। किसानों ने मांगपत्र जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल को दिया। इसमें बताया है कि पंजाब के कुछ किसान संगठन एक साल से ज्यादा अवधि से अपनी मांगों के लिए आंदोलन कर रहे थे। दिल्ली जाते हुए उन्हें हरियाणा पुलिस ने पंजाब से लगते शंभू और खनौरी बार्डरों पर बलपूर्वक रोका हुआ था। जोकि गैरकानूनी था। आंदोलन कर रहे किसान संगठनों के नेताओं से केंद्र सरकार के मंत्री वार्तालाप का नाटक भी करते थे परन्तु केंद्र ने किसानों को दिल्ली जाने के लिए हरियाणा सरकार को असंवैधानिक रूप से बार्डरों को खोलने को नहीं कहा। कार्यक्रम में किसान सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ,प्रीत सिंह,भारतीय किसान यूनियन से रणधीर धामड़,बलबीर सिंह आदि रहे।



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल को ज्ञापन देते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य।

### ये हैं प्रमुख मांगें

ट्रैक्टर ट्राली व अन्य कीमती सामान को तोड़ने और चोरी करवाने के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो। सी+2+50% के आधार पर निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद की कानूनी गारंटी हो। अमरीका व अन्य विदेशी कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क घटाने से मोदी सरकार बाज आए। कृषि विपणन योजना के राष्ट्रीय प्रारुप के मसौदे को रद्द किया जाए।

# सीसर खास गांव के पास खेतों में लगी आग से भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



शुक्रवार को सीसर खास गांव के रकबे में ईंख की पाती में आग लग गई। आग लगने से आस पास के खेतों में ईंख, सरसों व गेहूं की फसलों को नुकसान हो गया। सूचना मिलते ही दमकल केंद्र की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। दमकलकर्मियों की तत्परता की वजह से बड़ा नुकसान होने से बच गया। ईंख की पाती की आग ईंख, गेंहू व सरसों की फसल तक पहुंच चुकी थी। दमकल कर्मियों ने सरसों व गेहूं की फसल को जलने से बचा लिया। फसलों में थोड़ा ही नुकसान हो पाया। किसान रमेश का कहना है कि नुकसान होने से बच गया। दमकल की दो गाड़ियों तुरन्त मौके पर पहुंच गई। दमकल विभाग के कर्मचारी राजीव ने बताया कि सीसर खास गांव के खेतों में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया। कुछ दूरी तक ही आग पहुंच पाई थी। आग को तुरन्त काबू कर लिया गया। काफी नुकसान होने से बच गया।

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में बतौर पेशेवर आगे बढ़ने का रोडमैप साझा किया



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजीज इंडिया के सहयोग से आंबेडकर हॉल में- प्रौद्योगिकियां कार्यक्षेत्र और कॅरियर के अवसर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजीज इंडिया के सीटीओ डॉ. रवींद्र नाथ तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक अजय देशवाल, कोआर्डिनेटर हिमांशी ने बतौर मुख्य वक्ता इस कार्यशाला में शिरकत की और विद्यार्थियों के साथ व्यक्तिगत और पेशेवर के तौर पर जीवन में आगे बढने का रोडमैप साझा किया।

### पीजीआईएमएस में स्वच्छता की समीक्षा के लिए निदेशक डॉ. सिंघल ने किया निरीक्षण



**रोहतक।** पीजीआईएमएस के निदेशक डॉक्टर एसके सिंघल ने शुक्रवार को चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी के शौचालयों, आपातकालीन विभाग के आसपास बनाए गए शौचालयों, डेंटल कॉलेज के पास और कैंटीन के पास बनाए गए शौचालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के कर्मचारियों को मिली कमियों को तुरंत प्रभाव से ठीक करने के आदेश दिए।

**जेब पर बोझ** — व्यावसायिक छोटे वाहन और मिनी बस की दर पांच से लेकर दस रुपये तक बढ़ाई गई

# मकड़ौली व मदीना टोल प्लाजा से गुजरना महंगा, वाहन चालकों को एक अप्रैल से 5 फीसदी ज्यादा देना होगा शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



मकड़ौली और मदीना टोल प्लाजा से गुजरना अब और महंगा होगा। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने इसकी मंजूरी दे दी है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की ओर से 1 अप्रैल से टोल टैक्स की दरें बढ़ाई जा रही हैं। इसके चलते मकड़ौली और मदीना से होकर गुजरने वाले करीब 40 हजार वाहन चालकों को टोल पर अब पांच फीसदी ज्यादा शुल्क देना होगा। मकड़ौली टोल के मैनेजर विनोद कुमार के मुताबिक, वर्ष 2025-26 का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। एनएचएआई की ओर से दरों को बढ़ाकर इसकी सूची जारी की गई है। मकड़ौली और मदीना टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन चालकों पर इसका सीधा असर होगा। व्यावसायिक छोटे वाहन और मिनी बस की दर पांच से लेकर दस रुपये तक बढ़ाई गई है। इसी प्रकार बस और ट्रक पर 10 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। एचसीएम और ईएमई वाहनों पर भी 15 रुपये शुल्क सिंगल यात्रा पर बढ़ाया गया है। ओवरसीज वाहनों पर 25 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। कुल मिलाकर व्यावसायिक वाहनों को संचालित करने पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

### मकड़ौली टोल प्लाजा पर 1 अप्रैल से लागू होंगी नई दरें

| वाहन | सिंगल यात्रा | दोनों तरफ | मासिक पास |
|---|---|---|---|
| कार | 85 | 130 | 2915 |
| जीप, वैन व लाइट मोटर | 140 | 210 | 4710 |
| बस और ट्रक | 295 | 445 | 9865 |
| एचसीएम | 465 | 695 | 15470 |
| ओवरसीज वाहन | 565 | 850 | 18835 |

### यह है पुरानी दरें

| वाहन | सिंगल यात्रा | दोनों तरफ | मासिक पास |
|---|---|---|---|
| कार | 85 | 125 | 2815 |
| जीप, वैन व लाइट मोटर | 135 | 205 | 4550 |
| बस और ट्रक | 285 | 430 | 9525 |
| एचसीएम | 450 | 670 | 14940 |
| ओवरसीज वाहन | 545 | 820 | 18190 |

### सड़क-परिवहन मंत्रालय ने दी मंजूरी

टोल से गुजरने वाले वाहनों के लिए बढ़ी हुई दरें 1 अप्रैल से लागू होनी है। वहीं, जिन वाहनों पर फास्टैग नहीं है, उनसे दोगुनी रकम ही वसूली जाएगी। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने इसकी मंजूरी दे दी है। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की ओर से 1 अप्रैल से टोल टैक्स की दरें बढ़ाई जा रही हैं। **-विनोद कुमार, मैनेजर, मकड़ौली टोल**



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. श्रीभगवान।

# पॉलिटेक्निक छात्रों को समझाया सामाजिक सेवा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. श्रीभगवान ने चौ. मातु राम आर्य राजकीय पॉलिटेक्निक, सांघी की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की।

डॉ. श्रीभगवान ने इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर्स के लिए सेवा और समर्पण का मंच विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। डॉ. श्रीभगवान ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) युवाओं को सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोडऩे का एक प्रभावी मंच है। 1969 में शुरू हुई यह योजना छात्रों को स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में योगदान के लिए प्रोत्साहित करती है। शिविरों, रक्तदान और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से एनएसएस समाज में सकारात्मक बदलाव लाती है।

VIKALP PUBLIC HIGH SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E upto Class XII
ADMISSIONS OPEN 2025-26
NURSERY TO XII
ADMISSION FEE ✗
ANNUAL CHARGE ✗
MONTHLY FEE ✓
JASBIR COLONY, NEAR SHEELA, BY PASS, ROHTAK
M. 9896564000
www.vikalppublichighschool.com

## करियर के लिए कौशल में अभिवृद्धि का किया आह्वान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में- गेटिंग जॉब रेडी विषय पर एक विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। एमडीयू के इमसॉर की प्रोफेसर एवं सीसीपीसी निदेशिका प्रो. दिव्या मल्हान ने बतौर मुख्य वक्ता यह व्याख्यान दिया। प्रो. दिव्या मल्हान ने अपने प्रभावी संबोधन में कहा कि बेहतर कॅरियर निर्माण के लिए विद्यार्थी अपने कौशल में अभिवृद्धि करें। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी साफ्ट स्किल्स, लाइफ स्किल्स और टेक्नीकल स्किल्स विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कॅरियर निर्माण में कौशल की महत्ता से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। माइक्रोबायोलोजी विभाग की अध्यक्षा डॉ. पूजा सुनेजा ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया।

## एक्सप्रेस वे के दोनों ओर 500 मीटर के दायरे में न हो कोई भी निर्माण

# हाईवे पर वाहन खड़ा करने पर होगा चालान के साथ जुर्माना : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

लघु सचिवालय के सभागार में सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक हुई। इकसी अध्यक्षता उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने की। उन्होंने हाईवे पर ट्रक जैसे भारी वाहनों को खड़ा करने पर उनके चालान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि नेशनल हाइवे पर भारी वाहनों को खड़ा करना गैरकानूनी है और यह सड़क दुर्घटना का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में हाईवे पर ट्रक या अन्य भारी वाहन के खड़ा रहने की वजह से सड़क दुर्घटना होती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों को रात के समय नेशनल हाईवे पर पेट्रोलिंग करने के भी निर्देश जारी किए। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि अगले एक सप्ताह के भीतर नेशनल हाईवे पर बनाए गए अवैध कट व ढाबों को हटाकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस वे के दोनों और 500 मीटर के दायरे में कोई भी निर्माण कार्य नहीं होना चाहिए। अगर कहीं पर ऐसा निर्माण कार्य हुआ है तो उसे तुरंत प्रभाव से हटाया जाए।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने एनकोड की बैठक की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शिक्षण संस्थानों के आसपास की दुकानों की निगरानी रखी जाए, कहीं इन दुकानों से नशीले पदार्थ की बिक्री तो नहीं की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय परिसर में यह सुनिश्चित करें कि नशे से संबंधित पौधे तो नहीं पनप रहे है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर से नशा बेचने व नशा करने वालों का डाटा प्रशासन द्वारा एकत्रित किया जा रहा है और उसके आधार पर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने शराब की अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए और कहा कि अगर कहीं पर शराब के अवैध आहते चल रहे हैं, तो इस स्थिति में एफआईआर दर्ज करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाए। बैठक में पीसी पीएनडीटी एक्ट को लेकर भी दिशा निर्देश जारी किए गए। इसके अलावा बंधुआ मजदूरी, अवैध माइनिंग, बाल श्रम, सिंचाई, बिजली, यातायात, टाउन प्लानिंग आदि को लेकर भी दिशा निर्देश जारी किए गए।


**रोहतक।** सुरक्षित वाहन पॉलिसी की समीक्षा की बैठक लेते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा। *फोटो : हरिभूमि*

### स्कूली बसों की चेकिंग करने के दिए निर्देश

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्राधिकार में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों का चालान काटे। सुरक्षित वाहन पॉलिसी की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने एरिया के डीएसपी के साथ स्कूली बसों की चेकिंग करें। इन बसों में कमी पाए जाने पर बाकायदा उन्हें नोटिस जारी किया जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जो स्कूल बसें नियमों का उल्लंघन करके सड़कों पर चल रही है, तो उन्हें जब्त किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में घायल को तुरंत मिले इलाज

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों के तुरंत उपचार की सुविधा की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जिला में 65 अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत पैनल पर है। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि अगर कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल हो जाता है तो उसे तुरंत पैनल के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाएं। इन सभी अस्पताल में बिना किसी शर्त के डेढ़ लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करने का प्रावधान सरकार की योजना के तहत किया गया है। उन्होंने रॉन्ग साइड से चलने वाले वाहनों के चालान करने के भी निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित उन सड़कों की मरम्मत करवाने का काम करें, जहां पर गड्ढे बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि गड्ढों की वजह से भी सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## खबर संक्षेप

### बूट कैंप-कम-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव संपन्न

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के गणित विभाग में गणित विभाग, सांख्यिकी विभाग और कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में संचालित बूट कैंप-कम-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव शुक्रवार को संपन्न हो गई। गणित विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुमित गिल ने बताया कि इस तीन दिवसीय बूट कैंप-कम-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के लिए गणित विभाग, सांख्यिकी विभाग और कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्ज विभाग के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। समापन समारोह में गणित विभागाध्यक्ष प्रो. सुमित गिल, निदेशक (सीसीपीसी) प्रो. दिव्या मल्हान, उपनिदेशक (सीसीपीसी) प्रो. सविता राठी और उपनिदेशक (सीसीपीसी) डॉ. मीनाक्षी हुड्डा ने डॉ. सुरेंद्र, अनुज और हरिओम को स्मृति चिह्न भेंट किए।

### डस्टबिन उपयोग करने के लिए प्रेरित किया

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के केमिस्ट्री विभाग द्वारा शुक्रवार को स्वच्छ एवं हरित अभियान आयोजित कर विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता और हरियाणा बारे जागरूकता की अलख जगाई गई। एमडीयू के महर्षि दयानंद एवं वैदिक अध्ययन केन्द्र के प्रो. बलवीर आचार्य तथा कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रो. संदीप दलाल ने हरी झंडी दिखाकर इस स्वच्छ एवं हरित अभियान का शुभारंभ किया।

### खिलाड़ियों का हुआ जोरदार स्वागत

**रोहतक।** वुडबॉल एसोसिएशन आफ हरियोणा के खिलाड़ियों का शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया। महासचिव डॉ अनूप राठी ने बताया कि नागपुर महाराष्ट्र में 22 से 26 मार्च 2925 को 19 वीं सीनियर, 13वीं सब जूनियर राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता हुई।

## एक अच्छे कैडेट के लिए अनुशासन और देशभक्ति की भावना सर्वोपरि

- श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक विद्यालय में कर्नल वीके पुनिया का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक विद्यालय में कर्नल वीके पुनिया का स्वागत किया गया। इस मौके पर निदेशक कृष्ण मलिक, प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह व उप प्रधानाचार्या रेणु वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कर्नल वीके पुनिया ने अपने जीवन के अनुभव व प्रेरणादायक विचार कैडेट्स के साथ साझा किए। उन्होंने कहा कि एक अच्छे कैडेट के लिए अनुशासन, समर्पण और देशभक्ति की भावना सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने सभी कैडेट्स को कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से भविष्य की अनंत संभावनाओं को हासिल करने की प्रेरणा दी। निदेशक कृष्ण मलिक ने कहा कि कर्नल पुनिया द्वारा साझा किए गए विचार और अनुभव कैडेट्स के लिए प्रेरणादायक हैं। सभी कैडेट्स ने अपने जीवन को देश के प्रति समर्पित करने का संकल्प लिया।

### चौपाल की मरम्मत करने के बाद नहीं मिली पेमेंट

महम। भैणीचंद्रपाल गांव की धानक चौपाल की मरम्मत करने के बाद ठेकेदार को पेमेंट नहीं की गई। पेमेंट लेने के लिए ठेकेदार अधिकारियों के पास चक्कर काट रहा है। मदीना गांव निवासी प्रवीन कुमार पुत्र धर्मबीर सिंह ने इस संबंध में अधिकारियों को शपथ पत्र दिया है। अधिकारियों को दी शिकायत में प्रवीन कुमार ने बताया कि शिव गोरखनाथ सहकारी श्रम एवं निर्माण लिमिटेड समिति के तहत उन्होंने भैणीचंद्रपाल गांव की धानक चौपाल की मरम्मत की थी। जिस पर एक लाख 72 हजार रुपए का खर्च आया था। 27 जनवरी 2024 को यह कार्य सम्पन्न हो गया था। बिल पास होने के बाद भी बीडीपीओ ने पैसे का भुगतान नहीं किया। हालांकि आरटीआई में यह कह दिया गया कि पेमेंट का भुगतान कर दिया गया है। ठेकेदार का कहना है कि अब तक उसे पेमेंट नहीं मिली है। वह अपनी पेमेंट लेने के लिए अधिकारियों के पास चक्कर काटकर परेशन हो चुका है। पेमेंट हजम करने के लिए विभाग के सभी अधिकारी आपस में मिले हुए हैं। ठेकेदार ने जिला उपायुक्त से कहा कि उसकी पेमेंट दिलवाई जाए और उसे परेशान करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### मॉडल स्कूल की अध्यापिका मालविका पंडित हैं हरियाणा राज्य गीत की निर्देशिका

- हरियाणा राज्य गीत जय-जय हरियाणा जय- जय हरियाणा, पावन धरती वेदों की जहां हुआ हरि का आना का निर्देशन कर विद्यालय का नाम रोशन किया
- विधानसभा में हरियाणा राज्य गीत को पारित किया गया

रोहतक। आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल की नृत्य और संगीत की अध्यापिका मालविका पंडित ने हरियाणा राज्य गीत जय-जय हरियाणा जय- जय हरियाणा, पावन धरती वेदों की जहां हुआ हरि का आना का निर्देशन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विधानसभा में पानीपत के बालकिशन शर्मा द्वारा लिखित हरियाणा राज्य गीत को पारित कर दिया गया। विद्यालय और रोहतक के लिए यह गर्व की बात है कि रोहतक की बेटी ने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता, सचिव राजेश कुमार सहगल ने कहा कि मालविका पंडित जैसे शिक्षक मॉडल स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने कहा कि मालविका पंडित की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उपप्रधानाचार्या आशिता भांबरी ने भी खुशी जाहिर की। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है।



## गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता में चमके खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज व गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वधान में वार्षिक खेल प्रतियोगिता /"जोश/" का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका रहे। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि रोहतक नगर निगम पार्षद प्रवीण कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र अत्री, पूर्व पार्षद नरेंद्र कौशिक, राजकुमार भारद्वाज,दिनेश मुदगिल ने शिरकत की। गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज प्राचार्य व गौड़ ब्राह्मण विधा प्रचारिणी सभा के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की व सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका ने कहा कि प्रत्येक विधार्थी को महाविद्यालय की गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि एक खिलाड़ी अपने देश का झंडा विदेशी धरती पर भी लहराता है। हमें महापुरुषों के बलिदान और समाज में उनके अतुलनीय योगदान को नहीं भुलाना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि नगर निगम पार्षद प्रवीण कौशिक ने अपने दादा स्वर्गीय पंडित रिसालू कौशिक की याद में कॉलेज में छात्रवृति शुरू की। इसके लिए उन्होंने कॉलेज को एक लाख इक्कीस हजार रुपये दिए। इसकी एफडी करवाकर उसके ब्याज से प्रत्येक वर्ष बीकॉम प्रथम वर्ष के प्रथम स्थान पर आने वाले विधार्थी को इक्यावन सौ रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को देश की प्रगति में अपनी भागीदारी देनी चाहिए और सकारात्मक सोच के साथ समाज में अपना योगदान दे।


**रोहतक।** रेस में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि


**रोहतक।** कार्यक्रम में मुख्यातिथि भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका को स्मृति चिन्ह देते गौड़ ब्राह्मण विधा प्रचारिणी सभा के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा व नगर निगम पार्षद प्रवीण कौशिक।

नगर निगम रोहतक
सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई०डी० नं० 1HO9PW74 पुरानी प्रोपर्टी आई०डी० नं०. 269C339U36 वार्ड नं०/ पता. 303g श्याम कालोनी 124001 पुराने एन०डी०सी० रिकार्ड में Jony व सर्वे के अनुसार नए एन०डी०सी० रिकार्ड में Jony नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई.डी. नं. में प्रार्थी जिसका नाम महेन्द्र पति, गुलशन, मुकेश, माधुरी, प्रेमलता S/o D/o अंगूरी देवी, जसवंत, अश्वनी, संजय S/o सरबती के द्वारा वसीयत / वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते है जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उसके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा। अंगूरी देवी की मृत्यु 18.11.2020, सरबती देवी की मृत्यु 21.04.2021 व राजसिंह पांचाल की मृत्यु 18.09.2011 को हो चुकी है।
क्रमांकः MCR/2TO/2025/967
दिनांकः 27/03.2025
हस्ता/-
क्षेत्रीय कराधान अधिकारी
नगर निगम, रोहतक

## छात्राओं को आत्मनिर्भरता के टिप्स दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

समग्र शिक्षा अभियान के तहत शहीद सुरेश कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैंपल में छात्र-छात्राओं को ऑन जॉब ट्रेनिंग के माध्यम से चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित किया गया। वोकेशनल ट्रेनर तनु ने बताया कि ब्यूटी एंड वैलनेस की छात्राओं ने रेड रोज ब्यूटी पार्लर और आईटी के छात्र-छात्राओं ने सनराइज इंस्टीट्यूट आफ आईटी एंड मैनेजमेंट से चार दिन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नवीन तकनीक से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। प्राचार्य कर्मवीर खत्री ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को छात्र-छात्राओं के करियर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस दौरान वोकेशनल ट्रेनर तनु तथा स्कूल के स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।




## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई कार्यशाला

**रोहतक।** स्वामी नितानंद ग्लोबल रेजिडेंशियल स्कूल बरहाना झज्जर में सीबीएसई की तरफ से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी नितानंद ग्लोबल रेजिडेंशियल स्कूल व स्वामी नितानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्राह्मणवास के सभी अध्यापक शामिल हुए। जिसमें नई शिक्षा प्रणाली पर मंथन हुआ। कार्यशाला की रिसोर्स पसर्न रेनू शुक्ला ने अनेक कार्यात्मक व रचनात्मक क्रियाएं सिखाई। इस अवसर पर स्वामी नितानंद ग्लोबल स्कूल की प्रधानाचार्य संगीता नैन, मनोज गहलावत, स्वामी नितानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल (ब्राह्मणवास) की प्रधानाचार्य नीतिका मलिक सहित अन्य मौजूद रहे।



SHORT AND LONG TERM NEW BATCHES
CUET DU/KU/IPU/MDU
IPM-IIMs (ROHTAK, INDORE, AMRITSAR, RANCHI, BANGALORE, JAMMU, BODHGAYA)
CAT-2025 IIMs
NDA
BBA
HM (HOTEL MANAGEMENT)
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak
M. 9254304337



GOHANA
ROHTAK
JHAJJAR

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

BAHADURGARH
SAMPLA
DIGHAL

Chukde Spices Combo
GET FREE
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE

# BIG SALE
29 MARCH TO 04 APRIL

UPTO 80% OFF
*T&C APPLY

## WHOLESALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा, बचत सबसे ज्यादा!

WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY

- MOONG CHILKA 1KG — OUR PRICE ₹125
- RAJMA CHITRA 1KG — OUR PRICE ₹135
- MALKA MASOOR 1KG — OUR PRICE ₹89
- MALKA KALI DAAL 1KG — OUR PRICE ₹90
- KALA CHANA 1KG — OUR PRICE ₹77
- FRESCA JUICE 1Ltr. — BUY 1 GET 3 FREE
- TATA TEA PREMIUM 1KG MRP ₹540 — OUR PRICE ₹379
- ORION CHOCO-PIE 25X10 GM — BUY 1 GET 1 FREE
- KAAJU 500G — OUR PRICE ₹490
- WALLNUT (AKHROT) 250G — OUR PRICE ₹365
- KISHMISH JUMBO SIZE 1KG — OUR PRICE ₹310
- SATMOLA NAMKEEN ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- DABUR HONEY 650GM MRP ₹315 — OUR PRICE ₹219
- DABUR GLUCOPLUS C SIPPER FREE — 50% OFF
- RED BULL ENGRY DRINK 250ML MRP ₹125 — OUR PRICE ₹95
- frooti mango drink 40pcs MRP ₹400 — OUR PRICE ₹340
- HAMDARD ROOHAFZA SHARBAT 750ML MRP ₹180 — OUR PRICE ₹155
- dabur chyawanprash gur 540gm MRP ₹240 — OUR PRICE ₹150
- LAHORI JEERA 24 BOTTLES MRP ₹240 — OUR PRICE ₹185
- CATCH SOFT DRINK 1.2 Ltr. — BUY 1 GET 1 FREE
- INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC 5KG MRP ₹1255 — OUR PRICE ₹949
- KITCHEN CHAMPION BASMATI RICE 5kg 10kg — 40% OFF ON MRP
- Rajdhani corn flakes 475gm — 50% OFF ON MRP
- HERSHEY'S SYRUP CHOCOLATE 623GM MRP ₹250 — OUR PRICE ₹155

नवरात्रि SPECIAL OFFER
. Chipps . Marunda . Mixture

- KEPLER SABUDANA 200G — BUY 1 GET 1 FREE
- PRABHAS PURE GHEE 1Ltr. — BUY 1 GET 1 FREE
- FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL 1LTR MRP ₹173 — OUR PRICE ₹152
- GO CHEESE SLICE 200gm — BUY 1 GET 1 FREE
- RAJDHANI SOOJI/MAIDA/DALIYA — BUY 2 GET 1 FREE
- PREET LITE GHEE 1Ltr. — OUR PRICE ₹315
- VADILAL ICE CREAM — UPTO 50% OFF ON MRP
- MADHUSUDAN DESI GHEE 1 Ltr. — OUR PRICE ₹549
- FORTUNE KACHI GHANI 1LTR MRP ₹200 — OUR PRICE ₹159
- HITKARY ALL VARIENTS 700ML — 20% OFF ON MRP
- PEDIASURE VANILLA FLAVOR 1 KG MRP ₹1785 — OUR PRICE ₹1428
- KELLOGG'S OATS JAR 850G MRP ₹244 — OUR PRICE ₹140
- AASHIRVAAD ATTA 10 KG MRP ₹485 — OUR PRICE ₹435
- ARIEL MATIC FRONT LOAD LIQUID 3LTR — 33% OFF
- SURF EXCEL EASY WASH 7KG MRP ₹1030 — OUR PRICE ₹699
- SANI FRESH ADVANCED TOILET CLEANER 520ML — BUY 1 GET 1 FREE
- HALDIRAM'S ALL VARIANTS — 12.5% OFF
- MAGGI TOMATO KETCHUP WITHOUT OFFER 970G MRP ₹165 — OUR PRICE ₹99
- DUKES Waffy — BUY 1 GET 1 FREE
- COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2LTR 2L WITHOUT OFFER — OUR PRICE ₹69
- CADBURY BOURN VITA POUCH 750GM — 10% OFF
- TIDE DOUBLE POWER JASMINE&ROSE 9KG MRP ₹999 — OUR PRICE ₹799
- ARIEL MATIC FRONT LOAD 4+2KG+1L MRP ₹1549 — ₹250 OFF
- Nimeasy dish wash gel 1L — 50% OFF ON MRP
- ARIEL COMPLETE DETERGENT 4KG — BUY 1 GET 1 FREE

UNDERGARMENTS MEN & WOMEN SALE!

| Brand | Discount |
|---|---|
| Dollar | 30% |
| JOCKEY | 20% |
| BODYCARE | 20% |
| VAN HEUSEN | 20% |
| MACROMAN | 30% |
| U.S. POLO ASSN. | 20% |
| [Brand] | 30% |
| LUX cozi | 30% |
| MACHO UNDERWEAR | 30% |

- k'triq HAND WASH DETERGENT FLOOR CLEANER DISHWASH SELECTED VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- SCOTCH BRITE CLEANING PRODUCTS — UPTO 10% OFF ON MRP
- KHADI SOAP 100% HANDMADE SOAP — BUY 1 GET 1 FREE
- HERBS AND HILLS ALL RANGE — 25% OFF ON MRP
- PAPER BOAT SWING 1.2L — BUY 1 GET 1 FREE
- SATMOLA • GULAB JAMUN • RASGULLA — BUY 1 GET 1 FREE
- MOTHER'S PICKLE SELECTED VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- SAFE HARVEST • RICE • DAAL • ATTA — 25% OFF ON MRP

**Rohtak** Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak. Contact: +91-8199999480

**Bahadurgarh** Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899

**Jhajjar** Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531

**Sampla** Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800

**Gohana** Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626

**Dighal** Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

TERMS & CONDITION :

*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.